# हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेंन योजना अन्तर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन
## समाहरणालय गोपालगंज
## (हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेंन)
## विज्ञापन संख्याः– 01/2024

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक– WCDC/2092/23 दिनांक–27.09.2023 के आलोक में जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन,गोपालगंज के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है–

| क0 स0 | पद का नाम | पदो की संख्या तथा कोटी | | | | | कुल | आयु | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | SC | ST | EBC | BC | UR | | | |
| 1 | जेंडर स्पेशलिस्ट (Gender Specialist) | – | – | 1 | – | – | 1 | पिछडा वर्ग/अत्यंत पिछडा वर्ग (पुरूष/महिला) 40 वर्ष | 23,000.00 |
| 2 | वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ (Specialist in Financial Literacy) | – | – | – | – | 1 | 1 | अनारक्षित वर्ग(पुरूष) 37 वर्ष अनारक्षित वर्ग(महिला) 40 वर्ष | 21,000.00 |
| 3 | लेखा सहायक (Accounts Assistant) | – | – | – | – | 1 | 1 | अनारक्षित वर्ग(पुरूष) 37 वर्ष अनारक्षित वर्ग(महिला) 40 वर्ष | 16,000.00 |
| 4 | डेटा एंट्री ऑपरेटर (DEO) | – | – | – | – | 1 | 1 | अनारक्षित वर्ग(पुरूष) 37 वर्ष अनारक्षित वर्ग(महिला) 40 वर्ष | 13,500.00 |
| 5 | एम.टी.एस (MTS) | – | – | – | – | 1 | 1 | अनारक्षित वर्ग(पुरूष) 37 वर्ष अनारक्षित वर्ग(महिला) 40 वर्ष | 12,000.00 |
| **कुल** | | – | – | 1 | – | 4 | 5 | | |

**नोटः–** संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे न सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होगे । उनका नियोजन जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के अधीन होगा।

जिला हब फॉर एम्वारमेंट ऑफ वीमेंन (DHEW) अन्तर्गत रिक्त पदो पर नियोजन हेतु विस्तृत जानकारी विवरणी, पात्रता, एवं ऑनलाइन आवेदन का लिंक जिला के वेबसाइट https://www.gopalganj.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। विज्ञापन एवं सेवा शर्तों से सम्बंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के अधीन है। जिला पदाधिकारी, गोपालगंज विज्ञापन को संशोधित रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है। रिक्त पदो के विरूद्ध आवेदन दिनांकः–28.06.2024 से 15.07.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा।

जिला पदाधिकारी,
गोपालगंज

# समाहरणालय गोपालगंज

## जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ वीमेन के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन – जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (DHEW),गोपालगंज

### विज्ञापन संख्याः–01/2024

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक– WCDC/2092/23 दिनांक–27.09.2023 के आलोक में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन,गोपालगंज के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है–

| क्र० स० | पद का नाम | पद की संख्या तथा कोटि | आयु | योग्यता / अहर्ता | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जेंडर स्पेशलिस्ट (Gender Specialist) | 1 EBC | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | **शैक्षणिक योग्यता:** सामाजिक कार्य/अन्य सामाजिक विषयों समाजशास्त्र/ग्रामीण विकास/ग्रामीण प्रबंधन/ LSW / मनोविज्ञान / महिला अध्ययन में स्नातक **अनुभव :** जेंडर केंद्रित विषयों में सरकारी/गैर सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव | 23,000.00 |
| 2 | वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ (Specialist in Financial Literacy) | 1 UR | | **शैक्षणिक योग्यता :** अर्थशास्त्र / वाणिज्य में स्नातकोत्तर **अनुभवः** वित्तीय साक्षरता / वित्तीय समावेशन केंद्रित विषयों में सरकारी/ गैर–सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | 21,000.00 |
| 3 | लेखा सहायक (Accounts Assistant) | 1 UR | | **शैक्षणिक योग्यता:** वाणिज्य में स्नातक B.com. **अनुभवः** संबंधित क्षेत्र में सरकारी / गैर–सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव | 16,000.00 |
| 4 | डेटा एंट्री ऑपरेटर (DEO) | 1 UR | | **शैक्षणिक योग्यता :** कंप्यूटर/ आई.टी में डिप्लोमा सहित स्नातक **अनुभवः** डेटा प्रबंधन प्रक्रिया दस्तावेज़ीकरण और वेब–आधारित रिपोर्टिंग प्रारूप आदि में सरकारी / गैर– सरकारी / आईटी आधारित संगठनों के साथ 3 साल का अनुभव | 13,500.00 |
| 5 | एम.टी.एस (MTS) | 1 UR | | किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 प्रणाली के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण | 12,000.00 |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होगे।
2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा ।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।
4. उम्र सीमाः संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत होगी।

| | |
|---|---|
| अनारक्षित वर्ग (पुरुष) | – 37 वर्ष |
| पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरुष एवं महिला) | – 40 वर्ष |
| अनारक्षित वर्ग (महिला) | – 40 वर्ष |
| अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति (पुरुष एवं महिला) | – 42 वर्ष |

5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रयोजन के लिए, संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
6. कर्मियो को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी।
7. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे न सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होगें । उनका नियोजन जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के अधीन होगा।
8. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं साक्षात्कार के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी ।
9. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कंप्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान रखता है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी।
10. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग / संस्थान कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थीयों को प्राथमिकता दी जायेगी।
11. सरकारी अर्ध–सरकारी अथवा गैर सरकारी विभाग संस्थान कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा ।
12. चयन प्रक्रिया निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों में मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना सम्बंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित Email ID एवं जिला के वेबसाइट https://www.gopalganj.nic.in पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
13. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
14. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से सम्बंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के अधीन है। जिला पदाधिकारी, गोपालगंज विज्ञापन को संशोधित रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।
15. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए ऑनलाइन आवेदन कि तिथि :–28.06.2024 से 15.07.2024 अपराह्न 05 बजे शाम तक अपना ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन भरने से संबंधित लिंक **https://www.gopalganj.nic.in वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है**। जिसमे शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्र/अंक पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा । प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जाएगा । उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे । किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
16. एक से अधिक पदों के लिए अलग– अलग आवेदन मान्य होंगे।
17. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे ।
18. **अभ्यर्थी, ऑनलाइन आवेदन से सम्बंधित लिंक एवं अन्य जानकारी के लिए घोषणाओं हेतु https://www.gopalganj.nic.in वेबसाइट का अवलोकन करते रहेंगे।**

14.6.24

जिला पदाधिकारी,
गोपालगंज